# कार्यालय वन मंडलाधिकारी,पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल

E-mail ID :: dfotwchwara@mp.gov.in Fax (07162)246996

क्रमांक/मा.चि./2022/ 1024 छिन्दवाड़ा दिनांक 30/3/22

प्रति,

**संभागीय प्रबंधक,**
एम.पी.आर.डी.सी.
छिन्दवाड़ा

विषय :— छिन्दवाड़ा जिले के अंतर्गत शासन की एडीबी — 6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हर्रई—बिजोरी मार्ग(राज्यमार्ग क्र—41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हे0 वन भूमि के संबंध में।

संदर्भ :— आपका पत्र क्रमांक 1218 दिनांक 24.03.2022

——00——

विषयांकित पत्र के तारतम्य में लेख है कि पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल परिक्षेत्र तामिया अंतर्गत आपके द्वारा एडीबी—6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हर्रई—बिजोरी मार्ग(राज्यमार्ग क्र—41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हे0 भूमि प्रभावित हो रही है। जिसकी स्वीकृति हेतु प्रकरण ऑनलाईन पृविष्टि कर इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। आपके द्वारा प्रस्तुत प्रकरण के परीक्षण उपरांत निम्नानुसार कमियां पाई गई :—

1. प्रस्तावित मार्ग निर्माण में राजस्व भूमि तो प्रभावित नहीं हो रही है इस संबंध में तहसीलदार का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
2. प्रस्तावित मार्ग में आने वाले वृक्षों की गणना वनपरिक्षेत्राधिकारी तामिया से कराकर तत्काल प्रस्तुत करें।
3. प्रस्ताव में पंजीयन शुल्क की राशि रु. 1000.00 एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रु. 5000.00 कुल राशि रु. 6000.00 का ( छः हजार रूपये मात्र) को कोषालय के माध्यम से राजस्व मद मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष 0406 वानिकी ओर वन्य जीवन लघु शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा की गई है। किंतु चालान की प्रति कोषालय से सत्यापित नहीं कराई गई है। अतः चालान की प्रति सत्यापित कराकर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

सहपत्र :— मूलतः प्रकरण 5—5 प्रतियों में।

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा**

पृष्ठा.क्रमांक/मा.चि/2022/ 1025 छिंदवाड़ा, दिनांक 30/3/22

प्रतिलिपिः— 1. उपवनमंडलाधिकारी तामिया की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. वनपरिक्षेत्राधिकारी तामिया की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। आपके वन परिक्षेत्र अंतर्गत एम.पी.आर.डी.सी. छिन्दवाड़ा द्वारा एडीबी —6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हर्रई — बिजोरी मार्ग (राज्यमार्ग क्र—41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली

6.372 हे0 वनभूमि व्यपवर्तन हेतु प्रस्ताव ऑनलाईन प्राप्त हुआ है। प्रस्तावित मार्ग का आवेदक विभाग के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण कर मार्ग में आने वाले वृक्षों का गणना पत्रक , मय मार्किंग बुक , फार्म 30 , अपसेट प्राईज सहित प्रस्तुत करें।

3. वनपरिक्षेत्राधिकारी तामिया की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया एम.पी. आर.डी.सी. छिन्दवाड़ा द्वारा एडीबी–6/7 योजना अंतर्गत स्वीकृत हर्रई–बिजोरी मार्ग(राज्यमार्ग क–41) कुल लंबाई 72.73 कि.मी. के उन्नयन कार्य में प्रयुक्त होने वाली 6.372 हे0 भूमि प्रभावित हो रही है। इसके एवज में आपके वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम लहगडुआ ख.क 71/1 रकबा 6.372 हे0 राजस्व भूमि वै.वृ.रो. हेतु प्राप्त हुई है। अतः रकबा 6.372 हे0 राजस्व भूमि की वै.वृ.रो. योजना तैयार कर मय के.एम.एल फाईल के इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**वनमंडलाधिकारी**
**पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिन्दवाड़ा**

Dfo_West//Shoaib//cover 2022